32. कृषि विकास संचालनालय एवं कृषि अभियांत्रिकीय संचालनालय के अधीनस्थ/समस्त तृतीय श्रेणी कार्यपालिक कर्मचारियों को उनके गृह तहसील/विकास खण्ड को छोड़कर गृह जिले में स्थानान्तरण के द्वारा पदस्थ किया जा सकेगा।

33. जिन कार्यालयों में स्वीकृत पद संख्या से अधिक स्टाफ पदस्थ है, उसे अन्यत्र स्थानांतरित कर युक्तियुक्तकरण किया जाए।

34. तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग के जिन संस्थाओं विद्यालयों/महाविद्यालयों में विषयवार निर्धारित संख्या से अधिक शिक्षक कार्यरत हों,वहां से अतिशेष शिक्षकों को अन्यत्र पदस्थ किया जाए। ऐसा करने में कनिष्ठतम शिक्षक को अतिशेष कर्मचारी होने की स्थिति में सबसे पहले स्थानांतरित किया जाए, किन्तु मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए महिला, 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता वाले विकलांग एवं ऐसे शिक्षक जिनकी सेवानिवृत्ति में एक वर्ष से कम समय शेष है, उन्हें अतिशेष मान कर स्थानांतरित नहीं किया जाए। स्वीकृत पद से अधिक पदस्थापना किसी भी स्थिति में न की जाए। पदस्थापना के समय विषयवार रिक्ति का ध्यान रखा जाए एवं तदनुसार ही पदस्थापना की जाए।

35. राज्य शासन से पत्राचार करने की मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के प्रदेश/संभाग/जिला/तहसील/विकास खण्ड शाखा के पदाधिकारियों यथा- अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष को पद पर नियुक्ति उपरांत स्थानान्तरण से दो

**संशोधन**

**मध्य प्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय,वल्लभ भवन, भोपाल-462004**

क्रमांक GAD/4/0001/2026-GAD-9-01 भोपाल, दिनांक 22 मई, 2026

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश।

विषयः-राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानान्तरण नीति-2026- शुद्धि पत्र

संदर्भः समसंख्यक परिपत्र दिनांक 22 मई 2026

उपरोक्त विषय में संदर्भित पत्र का अवलोकन करें जिसके द्वारा वर्ष 2026 के लिए स्थानान्तरण नीति जारी की गई है। नीति की कंडिका 4 पृष्ठ क्रमांक 2 में राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण करने की प्रक्रिया में "दिनांक 01.06.2016 से 15.06.2016" टंकण त्रुटिवश अंकित हो गया है। कृपया दिनांक 01.06.2016 से 15.06.2016 के स्थान पर दि. 01.06.2026 से 15.06.2026 पढा जाए।

शेष यथावत रहेगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार,

(सचिन्द्र राव)
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग



Scanned with OKEN Scanner

